प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु Head Office, Bengaluru

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, Official Language Section, H R Wing

हिंदी पखवाड़ा – सितंबर 2022 का शुभारंभ

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के आगंतुक लाउंज में दिनांक 14.09.2022 को सुबह 10.30 बजे **हिंदी पखवाड़ा 2022 का उद्घाटन श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन** कर कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया और **बैंक के संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया**। कार्यपालक निदेशक श्री के सत्यनारायण राजू एवं श्री बृज मोहन शर्मा एवं श्रीमती सी एस वियजलक्ष्मी, महा प्रबंधक, मिड कॉरपोरेट साख विभाग एवं श्रीमती के ए सिंधु, महा प्रबंधक, प्राथमिकता साख विभाग ने साथ दिया। इस संदर्भ में प्रधान कार्यालय के विभागों के प्रमुख, मानव संसाधन विभाग के कार्यपालक गण तथा प्रधान कार्यालय के कार्यपालक गण तथा प्रधान कार्यालय के स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित थे। **सर्वप्रथम, सुश्री जयश्री अयंगार, बृहत कॉरपोरेट साख विभाग ने ईश वंदना प्रस्तुत की**। सुश्री रीनु मीना, प्रबंधक (राजभाषा) ने कार्यक्रम का संचालन किया। **श्री आर एस वेंकटेश, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने सभी का स्वागत किया**। श्री मयंक पाठक, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी।

श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली एवं समझी जाने वाली भाषा है। सभी कर्मचारी इसे अपने कार्यालयीन कामकाज़ में शामिल करें। हिंदी के प्रचार–प्रसार के साथ हमारे बैंक के **ai1** एप्प का भी प्रचार करें। हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में मोबाइल के माध्यम से भी प्रतियोगिता आयोजित करें क्योंकि आज के दौर में मोबाइल का उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है। उन्होंने राजभाषा अनुभाग द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़े के शुभारंभ की सराहना की।

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री एल वी प्रभाकर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की सफलता के लिए कामना की।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री एल वी प्रभाकर एवं कार्यपालक निदेशक श्री के सत्यनारायण राजू एवं श्री बृज मोहन शर्मा और प्रधान कार्यालय के विभाग प्रमुखों ने राजभाषा अनुभाग द्वारा जारी नारा - **"राजभाषा - हिंदी का करें सम्मान, देश की गरिमा का रखें मान"** का विमोचन किया।

इस संदर्भ में श्री आर पी जायसवाल, महा प्रबंधक ने केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना 2021-22 एवं श्रीमती सी एस विजयलक्ष्मी, महा प्रबंधक ने केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना 2021-22 के विजेताओं की घोषणा की।

तदुपरान्त, राजभाषा अनुभाग के अनुभाग प्रभारी व वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्री जी अशोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंत में उपस्थित कार्यपालकों एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने सभी कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने के संकल्प के साथ अपने हस्ताक्षर दर्ज किए।

मुख्य झलकियाँ / Main Highlights

ईश वंदना

दीप प्रज्ज्वलन कर हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर

केनरा बैंक
Canara Bank
Together we can
राजभाषा अनुभाग
मानव संसाधन विभाग,प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

केनरा बैंक
Canara Bank
राजभाषा अनुभाग

संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर, कार्यपालक निदेशक श्री के सत्यनारायण राजू एवं श्री बृज मोहन शर्मा

श्री आर एस वेंकटेश, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग स्वागत संबोधन देते हुए

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर का संबोधन

श्री बृज मोहन शर्मा, कार्यपालक निदेशक का संबोधन

हिंदी नारे की घोषणा

केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना 2021-22 एवं केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना 2021-22 के परिणामों की घोषणा

धन्यवाद ज्ञापन

समूह छायाचित्र